**प्रेस नोट संख्या- 14**
**दिनांक 13.10.2025**
**सराहनीय कार्य थाना बाजारशुक्ल**

**अवैध पटाखा बिक्री व भण्डारण करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, 14 बोरियों में सुतली बम, अनार आदि भारी मात्रा में अवैध पटाखे (अनुमानित कीमत 01 लाख 60 रुपये) बरामद।**

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना श्री अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में आगामी त्यौहार दीपावली के दृष्टिगत अवैध पटाखों के निर्माण, भण्डारण, बिक्री एवं परिवहन के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 13.10.2025 को थाना बाजारशुक्ल पुलिस देखभाल क्षेत्र व संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग हेतु क्षेत्र में मौजूद थी तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रस्तामऊ में जगदीशपुर रोड के बगल में एक व्यक्ति पटाखों का भण्डारण किये हुए हैं तथा बेचता भी है। उक्त सूचना पर तत्काल मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर अवैध रूप से पटाखा भण्डारण किये हुए अभियुक्त लाल मोहम्मद पुत्र रहमतुल्ला निवासी रायपुर फुलवारी थाना अमेठी जनपद अमेठी उम्र करीब 23 वर्ष को कुल 14 प्लास्टिक की बोरियों में 1204 सुतली बम, 1275 मिट्टी लगा सुतली बम, 616 बड़ा अनार, 250 छोटा अनार, मुन्ना छाप giant पटाखा 40 पैकेट में कुल 400 पटाखों के साथ गिरफ्तार किया गया। पटाखा निर्माण व बिक्री करने का लाइसेंस मांगने पर दिखा न सके। थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–**

- लाल मोहम्मद पुत्र रहमतुल्ला निवासी रायपुर फुलवारी थाना अमेठी जनपद अमेठी उम्र करीब 23 वर्ष।

**बरामदगी-**

- कुल 14 प्लास्टिक की बोरियों में 1204 सुतली बम, 1275 मिट्टी लगा सुतली बम, 616 बड़ा अनार, 250 छोटा अनार, मुन्ना छाप giant पटाखा 40 पैकेट में कुल 400 पटाखे। (अनुमानित कीमत 01 लाख 60 रुपये)

**पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-**

- मु0अ0सं0 286/25 धारा 5/9B विस्फोटक पदार्थ थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. श्री अभिनेष कुमार थानाध्यक्ष बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 धर्मेन्द्र बहादुर थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।
3. हे0का0 केशवराम वर्मा थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।
4. हे0का0 अनिल कुमार थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।
5. हे0का0 मनोज विश्वकर्मा थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।
6. का0 अजय कुमार थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।